# मध्यप्रदेश विधान सभा

## संक्षिप्त कार्य विवरण (पत्रक भाग-एक)

### मंगलवार, दिनांक 11 मई, 2010 (वैशाख 21, 1932)

**विधान सभा पूर्वाह्न 10.32 बजे समवेत हुई.**

**अध्यक्ष महोदय (श्री ईश्वरदास रोहाणी) पीठासीन हुए.**

### 1. राष्ट्रगीत

सदन की कार्यवाही राष्ट्रगीत "वन्दे मातरम्" के गायन से प्रारम्भ हुई।

### 2. निधन का उल्लेख

अध्यक्ष महोदय द्वारा राजस्थान की राज्यपाल श्रीमती प्रभाराव, भूतपूर्व सदस्यगण विधान सभा सर्वश्री छोटेलाल भारद्वाज एवं नारायण सिंह के निधन पर शोकोद्गार व्यक्त किये गये।

श्री शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री, सर्वश्री अजय यादव तथा पारस दादा सकलेचा, सदस्यगण ने भी शोकोद्गार व्यक्त किये। सदन द्वारा दो मिनिट मौन खड़े रहकर दिवंगतों के प्रति श्रद्धांजलि दी गई एवं शोक संतप्तजन के प्रति संवेदना प्रकट की गई।

पूर्वाह्न 10.42 बजे दिवंगतों के सम्मान में सदन की कार्यवाही स्थगित होकर 11.02 बजे पुनः समवेत हुई।

**अध्यक्ष महोदय (श्री ईश्वरदास रोहाणी) पीठासीन हुए.**

### 3. सभापति तालिका की घोषणा

अध्यक्ष महोदय द्वारा घोषणा की गई कि मध्यप्रदेश विधान सभा के प्रक्रिया तथा कार्य संचालन संबंधी नियमावली के नियम-9 के उप नियम (1) के अधीन,निम्नलिखित सदस्यों को सभापति तालिका के लिए नाम-निर्दिष्ट किया गया है:-

(1) श्री ज्ञान सिंह
(2) श्री केदारनाथ शुक्ल
(3) श्रीमती नीता पटैरिया
(4) डॉ. गोविन्द सिंह
(5) चौधरी राकेश सिंह चतुर्वेदी
(6) श्री रामलखन सिंह

### 4. कार्यमंत्रणा समिति के प्रतिवेदन की प्रस्तुति एवं स्वीकृति

अध्यक्ष महोदय द्वारा सदन को सूचित किया गया कि कार्य मंत्रणा समिति की बैठक मंगलवार, दिनांक 11 मई, 2010 को संपन्न हुई। दिनांक 17 अप्रैल, 2010 को सम्पन्न हुई समिति की बैठक में लिये गये निर्णय के अनुसार वर्तमान चार-दिवसीय सत्र में "स्वर्णिम मध्यप्रदेश बनाये जाने" संबंधी संकल्प पर विचार होगा। सदन की बैठकें पूर्वाह्न 10.30 बजे से अपराह्न 1.00 बजे तक तथा भोजनावकाश के पश्चात्, अपराह्न 2.30 बजे से सायंकाल 5.00 बजे तक होंगी। आवश्यकतानुसार, सदन की बैठकों के समय में वृद्धि भी की जा सकेगी।

डॉ. नरोत्तम मिश्रा, संसदीय कार्य मंत्री ने प्रस्ताव किया कि अभी अध्यक्ष महोदय ने "स्वर्णिम मध्यप्रदेश बनाये जाने" संबंधी संकल्प के संबंध में कार्य मंत्रणा समिति की जो सिफारिश पढ़ कर सुनाई, उसे सदन स्वीकृति देता है।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

### 5. स्वागत-उल्लेख

अध्यक्ष महोदय द्वारा सर्वश्री कैलाश जोशी, नरेन्द्र सिंह तोमर एवं प्रभात झा, माननीय सांसदगण की अध्यक्षीय दीर्घा में उपस्थिति पर सदन की ओर से स्वागत-उल्लेख किया गया।

### 6. संकल्प

श्री शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री ने संकल्प प्रस्तुत किया कि -

"इस सदन का यह मत है कि राज्य का ऐसा सर्वांगीण एवं समावेशी विकास हो, जिससे प्रदेशवासियों का जीवन उत्तरोत्तर समृद्ध एवं खुशहाल बने तथा उन्हें अपनी क्षमताओं के अनुरूप सर्वश्रेष्ठ कार्य करने और राष्ट्र के विकास में योगदान देने का अवसर प्राप्त हो. ऐसे स्वर्णिम मध्यप्रदेश के निर्माण के लिए माननीय सदस्यगण से सुझाव प्राप्त करने तथा उन सुझावों के यथोचित क्रियान्वयन के लिए संकल्प प्रस्तुत है."

निम्नलिखित सदस्यगण ने संकल्प पर चर्चा में भाग लिया :-

(1) श्री शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री
(2) श्री अजय यादव
(3) श्री पारस दादा सकलेचा
(4) डॉ. नरोत्तम मिश्रा, संसदीय कार्य मंत्री
(5) श्री शंकरलाल तिवारी (भाषण अपूर्ण)

**(अपराह्न 1.01 से 2.36 बजे तक अन्तराल)**

**अध्यक्ष महोदय (श्री ईश्वरदास रोहाणी) पीठासीन हुए.**

श्री शंकरलाल तिवारी, सदस्य ने अपना भाषण पूर्ण किया।

(6) श्री यशपाल सिंह सिसोदिया
(7) श्रीमती नीता पटैरिया
(8) श्री ओमप्रकाश वीरेन्द्र कुमार सखलेचा

**सभापति महोदय (श्री केदारनाथ शुक्ल) पीठासीन हुए.**

(9) श्री उमाशंकर गुप्ता, गृह मंत्री

**अध्यक्ष महोदय (श्री ईश्वरदास रोहाणी) पीठासीन हुए.**

(10) श्री ताराचंद बावरिया

## 7. सदन के समय में वृद्धि

अध्यक्ष महोदय द्वारा सूचित किया गया कि आज प्रस्तुत की गई सूची के सभी माननीय सदस्यों के विचार चर्चा में आने तक सदन के समय में वृद्धि की गई है।

सदन द्वारा सहमति व्यक्त की गई।

**सभापति महोदया (श्रीमती नीता पटैरिया) पीठासीन हुई.**

## 8. संकल्प (क्रमशः)

(11) श्री सुदामा सिंह सिग्राम
(12) श्री संतोष जोशी
(13) श्री शैलेन्द्र कुमार जैन

**अध्यक्ष महोदय (श्री ईश्वरदास रोहाणी) पीठासीन हुए.**

(14) श्रीमती नीना विक्रम वर्मा
(15) श्री मनोहर ऊंटवाल, राज्यमंत्री, नगरीय प्रशासन एवं विकास
(16) श्री बालकृष्ण पाटीदार

**सभापति महोदय (श्री केदारनाथ शुक्ल) पीठासीन हुए.**

(17) श्री मोतीलाल तिवारी
(18) श्री रमेश दिलीप भटेरे

**अध्यक्ष महोदय (श्री ईश्वरदास रोहाणी) पीठासीन हुए.**

(19) श्री धूल सिंह डावर
(20) श्री हरी सिंह सप्रे
(21) श्री राजेन्द्र श्यामलाल दादू "राजू भैया"
(22) श्री अजय विश्नोई, पशुपालन मंत्री
(23) श्री राधेश्याम पाटीदार
(24) श्री अलकेश आर्य
(25) श्री शान्तिलाल धबाई

रात्रि 9.10 बजे विधानसभा की कार्यवाही बुधवार, दिनांक 12 मई, 2010 (वैशाख 22, 1932) 10.30 बजे तक के लिए स्थगित की गई।

**डॉ. ए.के.पयासी**
**प्रमुख सचिव,**
**मध्यप्रदेश विधान सभा.**

**भोपाल :**
**दिनांक : 11 मई, 2010**